e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 03/भू0अ0नि0(5) विविध (प्रशिक्षण)–11/2024 12714

प्रेषक,

अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
पटना/रोहतास (सासाराम)/भोजपुर/बक्सर/
दरभंगा/समस्तीपुर/मधुबनी/सारण/गोपालगंज/
मुजफ्फरपुर/वैशाली/ पूर्वी चम्पारण/ भागलपुर/सिवान
कैमूर (भभूआ)/औरंगाबाद/
समाहर्त्ता/बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय/लखीसराय/खगड़िया/जहानाबाद/
बांका/जमुई/मुंगेर/सीतामढ़ी/शिवहर/नालंदा/
सुपौल/मधेपुरा/किशनगंज/पूर्णियाँ/ कटिहार/
नवादा/गया/अररिया/पश्चिमी चम्पारण/सहरसा
सभी अपर समाहर्त्ता
बिहार

पटना, दिनांक :– 09/07/2024

विषय :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–12469 दिनांक–15.06.2024 के आलोक में जिलास्तरीय अमीनों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक विषय में संदर्भित पत्र द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के लिए नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण अमीनों को जिला स्तर पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाना है। इस आलोक में स्पष्ट करना है कि जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को जिला स्तर पर आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

विशेष सर्वेक्षण अमीनों को जिलास्तरीय प्रशिक्षण के संबंध में यह भी स्पष्ट करना है विशेष सर्वेक्षण अमीनों के प्रशिक्षण के लिए सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए एक साथ दो बैच निर्मित करते हुए एक बैच को सैद्धांतिक एवं द्वितीय बैच को व्यवहारिक प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया जाय एवं प्रथम बैच वाले प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण के उपरांत व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं द्वितीय बैच को व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरांत सैद्धांतिक प्रशिक्षण देना सुनिश्चित किया जाय।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि जिला स्तर पर प्रारंभ होने वाले विशेष सर्वेक्षण अमीनों को प्रशिक्षण के क्रम में जिला स्तर पर आवासन की व्यवस्था जिला/बन्दोबस्त कार्यालय के स्तर से कराना सुनिश्चित किया जाय। आवासन की व्यवस्था में जिलों में उपलब्ध सरकारी भवनों का उपयोग किया जाय तथा सरकारी भवन की अनुपलब्धता की स्थिति निजी/व्यावसायिक भवनों का प्रयोग किया जाय।

जिलास्तरीय आवासीय प्रशिक्षण पर होने वाले व्यय का आकलन कर भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना से आवश्यक आवंटन की मांग की जाय।

विश्वासभाजन

9/7/2024

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) विविध (प्रशिक्षण)–11/2024 12714 **पटना, दिनांक:** 09/07/2024

प्रतिलिपि : संबंधित जिले के प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/7/2024

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

D:\Sanjeev-2024\Birendra Sir\ACS\file no__11_2024_09-07-2024.doc

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) विविध (प्रशिक्षण)–11/2024...12714...पटना, दिनांक:...09/07/2024

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आईटी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/7/2024

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) विविध (प्रशिक्षण)–11/2024...12714...पटना, दिनांक:...09/07/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

9/7/2024

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) विविध (प्रशिक्षण)–11/2024...12714...पटना, दिनांक:...09/07/2024

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

9/7/2024

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग